प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

## कानूनगो और लेखपाल को हटाने की मांग की

**बरेली, अमृत विचार:** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसायटी उत्तर प्रदेश ने शनिवार शाम शास्त्री नगर में बैठक कर कानूनगो और लेखपाल को हटाने की मांग की है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने कहा कि लेखपाल और कानूनगो सरकारी आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। समाधान दिवस पर एसडीएम सदर के निर्देश देने पर भी भोजीपुरा के एक गांव में तालाब और चक मार्ग पर खुलेआम कब्जा करा रहे हैं। लंबे समय से एक ही हल्के में रहने वाले लेखपाल और कानूनगो काम में रूचि कम अन्य कार्यों में ज्यादा दिलचस्पी लेते हैं। ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे कराकर धन अर्जित करने में व्यस्त रहने की बात कही। अधिक संपत्ति जोड़ने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से जांच करने की मांग की है। बैठक में जीके अग्रवाल, रफात अली, कुमार पारस, कौसर खान वारसी, एस नासर इमाम आदि ने विचार रखे।

## महाप्रबंधक ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डॉ. लक्ष्मण सिंह ने टीम के साथ शनिवार को सुभाषनगर स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के सरकारी अस्पतालों में संस्थागत प्रसव बढ़ाया जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, डे-केयर रूम, फार्मेसी रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वहां संसाधन और बेहतर किए जाएं जिससे मरीजों की संख्या बढ़ सके। निरीक्षण के बाद उन्होंने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद से मुलाकात की।

# डेयरी उद्योग और पशुपालन में संभावनाएं अपार : धर्मपाल

## पशुधन मंत्री ने सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ उद्यमियों से की लाभ लेने की अपील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• स्टेशन रोड स्थित होटल में शनिवार रात आयोजित हुआ पशुपालन एवं डेयरी विकास कार्यक्रम

**अमृत विचार :** बरेली तो मेरा अपना मंडल है। सस्ती भूमि हमारे आंवला क्षेत्र में बहुत है। यहां अधिक से अधिक लोग डेयरी उद्योग स्थापित करने के साथ पशुपालन को आगे आएं। सरकारी योजनाओं का लाभ लें, मैं सदैव आगे बढ़कर उनका स्वागत करूंगा, बल्कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। यह बातें बतौर मुख्य अतिथि पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार की रात स्टेशन रोड स्थित होटल में सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

पशुधन मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डेयरी उद्योग और पशुपालन से जुड़े कारोबार में संभावनाएं अधिक हैं। चैंबर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई के बाद जो युवा उद्योग लगाने के बारे में सोच रहे हैं और सफलता की गारंटी चाहते हैं, उनमें दुग्ध उत्पादन और पशुपालन माना जाता है। इसी महत्व को समझते हुए पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया था, ताकि क्षेत्र के युवा विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों की सस्ती भूमि पर कम लागत में उद्योग स्थापित कर बरेली को अग्रणी दुग्ध उत्पादक क्षेत्र बनाकर बरेली व प्रदेश का मान बढ़ा सकें। प्रमुख वक्ता के रूप में बीएल एग्रो कामधेनु लिमिटेड के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल रहे।



सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी के कार्यक्रम में बोलते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, मंचासीन डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, घनश्याम खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह और केबी अग्रवाल। • अमृत विचार

उन्होंने डेयरी उत्पादन को लाभप्रद, कम लागत में लगाने वाला भविष्य का उद्योग बताया और कहा कि वह जल्द बीएल एग्रो कामधेनु नाम से एक बड़ी इकाई लगाने जा रहे हैं। एसआरएमएस अपने डेयरी उद्योग में दूध, दही, पनीर व आइसक्रीम का उत्पादन कर रहे हैं, वाडीलाल आइसक्रीम का प्रमुख प्लांट बरेली में है। पराग डेयरी बड़ा उत्पादक है, अन्य दो डेयरी इकाइयां भी चल रही हैं। फिर भी दुग्ध उत्पादन की बाजार में मांग अधिक है। यह उद्योग भरपूर कारोबार देगा व भारी मुनाफे के साथ व्यापार व रोजगार में वृद्धि करेगा।


कार्यक्रम में उद्यमियों के साथ मौजूद पार्थो कुनार। • अमृत विचार

### दुग्ध विकास भविष्य की आवश्यकता

सीडीओ देवयानी ने दुग्ध विकास व पशुधन संरक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताया। उद्यमियों से संबंधित उद्योगों की स्थापना के दौरान किसी भी समस्या पर तुरंत निदान करने का आश्वासन दिया। बीएल कामधेनु के डायरेक्टर डॉ. एसके अग्रवाल ने डेयरी इंडस्ट्री की मूलभूत आवश्यकताओं, समस्याओं व रखरखाव आदि पर किए गए सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम समापन पर अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्य मूर्ति, वीरेन्द्र स्वरूप अग्रवाल, केवी अग्रवाल, दीपक मलिक, रोहित खंडेलवाल, मोहित खंडेलवाल, विवेक शर्मा, प्रकाश चंद्र शर्मा, नरेश कुमार मलिक, डॉ महेन्द्र सिंह वासु, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार, मनवीर सेठी, राज गोयल, सुधीर कुमार, पीयूष अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, रवि खंडेलवाल, राजीव जैन, उमेश कुमार, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम ने दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई

**बरेली, अमृत विचार:** उप्र व्यापारी सुरक्षा फोरम के नरकुला गंज स्थित कार्यालय पर शनिवार को महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर उनके कार्यों को याद किया गया।

महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने बताया कि आज व्यापारी समाज दानवीर भामाशाह के बताए रास्ते पर चल रहा है और देश सेवा में तन, मन और धन अर्पण करने की भावना को रखते हुए जनसेवा के कार्य कर रहा है। प्रभारी रोहित जिंदल ने बताया कि व्यापारी समाज उनके आदर्श और पदचिह्नों पर चलते हुए अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है।

दानवीर भामाशाह ने अपना सब कुछ देश सेवा और जन सेवा में लगा दिया था। बैठक का संचालन महानगर महामंत्री दीपक द्विवेदी ने किया। बैठक में दीपक द्विवेदी, प्रभजीत सिंह, अनिल राजपूत, अतुल गंगवार, डॉ. प्रदीप सक्सेना, विष्णु शुक्ला, सतेंद्र पटेल, सोनू मौर्य, प्रमोद रघुवंशी, संदीप आदि लोग मौजूद रहे।

## भामाशाह जयंती पर किया सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** वैश्य समाज की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका वैश्य दूत की ओर से शनिवार को भामाशाह महाराज की 478 वीं जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्टेडियम रोड पर एक स्कूल के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. कृष्ण अवतार वार्ष्णेय ने और अध्यक्षता पंकज अग्रवाल ने की। इस अवसर पर संतोष कुमार गुप्ता को वैश्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता, नीतू गोयल, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने स्वरचित कविताओं से समा बांधा। कवि डॉ. दीपंकर गुप्त ने बताया कि दानवीर वैश्य शिरोमणि भामाशाह महाराज का राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए सम्राट महाराणा प्रताप के प्रति किया गया सहयोग, त्याग और बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। कार्यक्रम का समापन भामाशाह चालीसा और आरती के सामूहिक पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. हरि ओम गुप्ता, डॉ. आशीष गुप्ता, विनोद चंद्र गुप्ता, डॉ. नवनीत वार्ष्णेय, ओम शरण गुप्ता, धर्मपाल गुप्ता, प्रशांत गुप्ता आदि रहे।


भामाशाह महाराज की जयंती पर सम्मानित करते पदाधिकारी। • अमृत विचार

# अधिक राजस्व देने वाले व्यापारी भामाशाह जयंती पर सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग की ओर से दानवीर भामाशाह की जयंती को जीआईसी ऑडिटोरियम में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया। इसमें अधिक जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विशिष्ट अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत भामाशाह के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर की।

कार्यक्रम में बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि जिस तरह भामाशाह ने महाराणा प्रताप का सहयोग किया था। उसकी तरह आप लोग भी देश का सहयोग करें। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी अदा करने से देश की अर्थव्यवस्था में अधिक सुधार होगा। सभी जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों को जीएसटी अदा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इससे पहले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन को बड़े पर्दे पर दिखाया गया। कार्यक्रम में गायिका हितु मिश्रा और उनकी टोली ने भामाशाह और महाराणा प्रताप से संबंधित रचनाओं को सुनाया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और मेयर उमेश गौतम ने संयुक्त रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 में सबसे ज्यादा जीएसटी अदा करने वाली फर्म कोरल मोटर्स, खंडेलवाल एडिबिल आयल, सारनाथ ऑटो जोन, ऑक्टोपोलिस टेक्नोलॉजी और गोयल सन्स को भामाशाह पुरस्कार और सम्मान-पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में अपर आयुक्त ग्रेड-1 बरेली जोन ओमप्रकाश तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अपर आयुक्त ग्रेड-2 राज्य कर बरेली जोन आशीष निरंजन, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) संभाग ए केके गुप्ता, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) संभाग बी विजय कुमार गौड़, संयुक्त आयुक्त सम्भाग-ए नीलम रानी, अवधेश कुमार, संयुक्त आयुक्त संभाग बी अवधेश कुमार, उपायुक्त प्रशासन ब्रजेश कुमार, नाजिर प्रमोद सागर व शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी मौजूद रहे।


व्यापारियों को सम्मानित करते सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर उमेश गौतम व अन्य।

• राज्यकर विभाग की ओर से जीआईसी के ऑडिटोरियम में जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया


जीआईसी ऑडिटोरियम में भामाशाह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि और व्यापारी। • अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# आंवला में रोजगार न सड़कें, सदन में उठेगा मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• पीलीभीत रोड पर बिना फोरलेन बने यदि टोल वसूल रहे तो मामला सदन में उठाया जाएगा
• सपा से आंवला के सांसद नीरज मौर्य ने एक साल के कार्यकाल को लेकर मीडिया से बात की

**अमृत विचार :** आंवला लोकसभा सीट से सपा सांसद नीरज मौर्य ने शनिवार दोपहर बीसलपुर चौराहा स्थित एक होटल में मीडिया से बात करते हुए अपने एक साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं और आगामी साल की कार्ययोजना भी बताई। उन्होंने कहा कि दो जिलों के बीच बंटा आंवला लोकसभा क्षेत्र विकास में बहुत पिछड़ा है। आंवला लोकसभा क्षेत्र में रोजगार न ही सड़कें बनी हैं। रोजगार के लिए कोई प्रयास नहीं हुए। इफको पर छंटनी के नाम पर श्रमिकों को नौकरी से निकालने का आरोप भी लगाया। सदन में मामले उठाकर आंवला लोकसभा में विकास कार्य कराएंगे।

सपा सांसद ने कहा कि आंवला में एम्स बनवाने की मांग सदन में उठा चुके हैं। हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। एम्स बनवाने तक सदन में मामला उठाते रहेंगे। आंवला लोकसभा में केंद्रीय विद्यालय बनवाने के लिए सदन में मांग रख चुके हैं। उन्होंने कहा कि तीन सौ बेड अस्पताल को सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मामला सदन में उठाने के बाद राज्य सरकार ने तीन सौ बेड को सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल बनाने की कवायद शुरू की है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुविधाएं बढ़वाएंगे ताकि विभिन्न खेलों के खिलाड़ी आगे बढ़ सकें।

सांसद ने बताया कि नियमों के खिलाफ बनाए गए फरीदपुर टोल जनहित में हटवाना प्राथमिकता है। फरीदपुर टोल प्लाजा को अवैध बताते हुए इसे हटाने की मांग सदन में उठाई थी तब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जल्द टोल हटवाने की बात कही थी, लेकिन इसे हटवा नहीं सके। कुछ माह पहले दिशा की बैठक में एनएचएआई के अधिकारी भी 60 किलोमीटर मानक के विरुद्ध फरीदपुर टोल प्लाजा होने की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि पीलीभीत रोड फोरलेन होने से पहले टोल वसूलने की जानकारी नहीं है, यदि ऐसा हो रहा है तो यह मामला भी संसद में उठाएंगे। परिवहन सेवाओं में सुधार के लिए नई ट्रेन चलवाने व महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज व रेल सुविधाओं में वृद्धि कराने का प्रयास करेंगे। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य कराएंगे।

नवाबगंज क्षेत्र में अराजक तत्वों द्वारा आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के मामले में संसद नीरज मौर्य ने कहा कि भाजपा की मानसिकता संविधान विरोधी हो गई है। बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर करोड़ों लोगों की आस्था का विषय हैं, प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इटावा में यादव कथावाचक के साथ हुई घटना पर सांसद ने कहा कि किसी के बाल काट देना, हिंसा करना मानवता विरोधी कार्य हैं। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला, शुभलेश यादव, बृजेन्द्र सिंह, पियूष वर्मा, डॉ नरेंद्र गौतम मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता में एक साल की उपलब्धियां गिनाते आंवला सांसद नीरज मौर्य। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मयूर धीरवानी ने फिर संभाला आईआईए चेयरमैन का पदभार



**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने मनोनीत चेयरमैन मयूर धीरवानी को दोबारा पदभार सौंपा है। इस मौके पर मयूर धीरवानी ने बताया कि वह जल्द आईआईए की चैप्टर टीम का गठन करेंगे। पिछले वर्ष में किए कार्यों के लिए उद्यमी रजत मेहरोत्रा, सलिल बंसल, धनंजय विक्रम सिंह, विमल रेवाड़ी, तनुज भसीन, राजीव आनन्द, आशीष गुप्ता, ऋषभ दीक्षित आदि का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चूंकि दिनेश गोयल अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं तो इस वर्ष डबल इंजन की सरकार की तरह वह बरेली के लिए बहुत सारे कार्य करेंगे। बरेली के एमएसएमई क्षेत्र को और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। मयूर धीरवानी को चैप्टर चेयरमैन बनाए जाने पर उद्यमी रजत मेहरोत्रा, सुरेश सुन्दरानी, मनोहर लाल धीरवानी, एसके सिंह, सतीश अग्रवाल, नीरज गोयल, पीयूष कुमार अग्रवाल, विमल रेवाडी, मनोज पंजाबी, सुनीत मूना, सलिल बंसल, धनंजय विक्रम सिंह, आशीष गुप्ता आदि ने बधाई दी।

### रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने मनाई अवार्ड सेरेमनी




**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने अपनी प्रेसिडेंशियल अवार्ड सेरेमनी का आयोजन बरेली क्लब में शनिवार शाम किया। इसमें वर्ष भर किए 21 बड़े सेवा के कार्यों का वर्णन किया। इसके बाद अध्यक्ष सीएस अंकित अग्रवाल और सचिव शरद मेहरोत्रा को क्लब के चीफ क्लब ट्रेनर डॉ. एके चौहान, भावी मंडलाध्यक्ष सीए राजेन विद्यार्थी, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक ने सम्मानित किया। इसके अलावा चीफ क्लब ट्रेनर डॉ एके चौहान, पीपी रोटेरियन नरेश मलिक, राजेन विद्यार्थी, विनय कृष्ण, अरविंद गुप्ता, शेखर यादव, शरद मेहरोत्रा, राहुल अग्रवाल, मनीष गोयल, राहुल जायसवाल, डॉ. मनीष शर्मा, एएस अग्रवाल, शशांक मित्तल, अरविंद भटनागर, प्रधीर गुप्ता, नितीश टंडन, मनोज गिरि, पंकज श्रीवास्तव, सीए मोहित वैश्य, संचित गोयल, अमित मनोहर, जितेन्द्र मौर्य, डीपी सिंह, एपी गोयल, बिमल अवल, मोहन गुप्ता, सुमित अरोड़ा को सम्मानित किया गया।

### स्कूल में सांप निकलने से स्टाफ में दहशत



**बरेली, अमृत विचार :** क्यारा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय लखौरा में शनिवार दोपहर एक सांप निकल आया। इस दौरान प्रधान अध्यापिका वीणा शर्मा और अन्य सहायक अध्यापक स्कूल में थे। सांप को देख शिक्षकों ने गांव से सपेरे को बुलवाया, जिसके एक घंटे बाद संपेरा पहुंचा तब तक पूरा स्टाफ दहशत में रहे। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि बारिश में जीव-जंतु बाहर निकलते हैं। इससे स्कूलों में अक्सर डर बना रहता है।

# उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में 13032 अभ्यर्थी होंगे शामिल

## आज 28 केंद्रों पर परीक्षा होगी, स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-थर्ड की मुख्य परीक्षा होगी

**अमृत विचार:** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ की ओर से आयोजित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-थर्ड की मुख्य परीक्षा शहर के 28 केंद्रों पर रविवार को सुबह 10 से 12 बजे की पाली में होगी। परीक्षा में विभिन्न जिलों के 13032 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीएम अविनाश सिंह ने परीक्षा शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की है।

उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा से पहले केंद्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लें। सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, बैगेज और फ्रिस्किंग एरिया, सुरक्षा व्यवस्थाएं भी परख लें। यदि कमियां मिलें तो संबंधित अधिकारी से मिलकर दुरुस्त करा लें।

आयोग के निर्देशानुसार सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट रविवार की सुबह 5 बजे कोषागार पहुंचकर कार्यदायी संस्था बी के रूट मैनेजर, आवंटित वाहन और उनके साथ लगने वाली सुरक्षा कर्मियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों पर सुबह 6 बजे से समाप्ति तक सुरक्षा बल तैनात कराएं। एडीएम सिटी सौरभ दुबे परीक्षा के नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट में चकबंदी विभाग, पशु पालन विभाग, जिला उद्यान विभाग, उप संभागीय विपणन, बांट माप विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, नलकूप खंड प्रथम आदि विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### इन कॉलेजों में बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

बरेली कॉलेज के ब्लॉक ए, बी, सी, डी, ई के अलावा बरेली इंटर कॉलेज, बिशप मंडल इंटर कॉलेज, सीबीगंज इंटर कॉलेज, एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में ब्लॉक ए, बी, सी व विधि विभाग, इस्लामिया इंटर कॉलेज ब्लॉक ए और बी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, एसवी इंटर कॉलेज, साहू गोपी नाथ कन्या इंटर कॉलेज, श्री गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज, श्री गुरुनानक रिक्खी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज, श्री पीसी आजाद इंटर कॉलेज, गुलाब राय इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, विष्णु इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# पौधरोपण अभियान में सक्रिय होकर जुड़ें संस्थाएं



संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएफओ दीक्षा भंडारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएफओ ने शनिवार को संस्थाओं के साथ की बैठक

**अमृत विचार:** पौधरोपण जन अभियान को सफल बनाने और वृहद स्तर पर जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को डीएफओ दीक्षा भंडारी ने कार्यालय में संगठनों और संस्थाओं के साथ बैठक की। उन्होंने संस्थाओं से सक्रिय होकर पौधरोपण अभियान में जुडने का आह्वान किया है।

उन्होंने बताया कि वन विभाग और अन्य 26 विभागों के माध्यम से विभिन्न स्थलों पर और प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधारोपण किया जाएगा। सभी संस्थाओं और गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों को पौधारोपण कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। अभियान में विभिन्न तिथियों पर वन विभाग की ओर से विशिष्ट वनों की स्थापना की जाएगी, जिसमें अटल वन, आक्सी वन, शौर्य वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन आदि शामिल हैं। इसके बाद डीएफओ ने काष्ठ आधारित उद्योगों की एसोसिएशन के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।

जिसमें पौधरोपण अभियान में किसानों को अधिक संख्या में जोड़ने की अपील की गई। ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि विभाग किसानों के माध्यम से पौधारोपण करता है। औद्योगिक इकाइयां अपने आसपास के क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों से संपर्क कर किसानों को अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे कि आने वाले समय में औद्योगिक इकाइयों को कच्चा माल आसानी से प्राप्त हो सके। बैठक में संयोजक लोक भारती ओमवीर सिंह, सह संयोजक देवेन्द्र सिंह, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, प्रवीन कुमार, अखिलेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### इटावा की घटना पर परशुराम सेना ने जताया आक्रोश

**बरेली, अमृत विचार :** इटावा के दादरपुर गांव में कथा वाचक और उनके साथियों के साथ हुई बदसलूकी के बाद से लोगों में आक्रोश पनपता जा रहा है। शनिवार को परशुराम सेना ने धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। संगठन के महानगर अध्यक्ष आशीष सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए। वहां से नारेबाजी करते हुए पैदल डीएम कार्यालय पहुंचे। आशीष सिंह ने कहा कि कथा वाचक के साथ दादरपुर में जो कृत्य हुआ वह माफी के काबिल नहीं है। घटना की जांच निष्पक्ष रूप से करके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रदीप गुप्ता, राजेश, मनोज, सोने लाल शुक्ला किशोर, सत्यप्रकाश गुप्ता, उमाशंकर दीक्षित, बलवीर कश्यप, रोहित कटियार, विपिन कटियार, हरिपाल कश्यप आदि रहे।

# स्कूलों के विलय का विरोध हुआ तेज अब तक 60 स्कूलों का हुआ विलय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में 617 विद्यालयों को विलय के लिए किया गया है चिह्नित

**अमृत विचार :** स्कूलों के विलय (पेयरिंग) के लिए अधिकारी जोर-शोर से लगे हैं। जिले के चिह्नित 617 विद्यालयों में से 60 से अधिक स्कूलों का विलय कराया जा चुका है लेकिन स्कूलों के विलय का विरोध तेज हो गया है। अभिभावकों, ग्रामीणों और प्रधानों के भी विरोध में शामिल होने की बात शिक्षक कह रहे हैं।

शिक्षकों का कहना है विलय की प्रक्रिया में कई बार दबाव भी बनाया जा रहा है। शिक्षकों के पद खत्म हो रहे हैं। बच्चों की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। अब तक किसी को ये नहीं पता चल रहा है कि जिन स्कूलों का विलय हो रहा है उन शिक्षकों का क्या होगा।

### स्कूलों का विलय होना नियमों के विरुद्ध

विद्यालय विलय करना या बंद करना बच्चों को शिक्षा के अधिकारों से वंचित करना है। कम नामांकन होने का प्रमुख कारण है बिना किसी अंकुश के प्राइवेट स्कूलों की संख्या का बढ़ना जो कि चिंतनीय विषय होना चाहिए। **-प्रियंका शुक्ला**, शिक्षक नेता

स्कूलों का विलय होना शिक्षा के नियमों के विरुद्ध है। हर बच्चे को पढ़ने का अधिकार है, चाहें फिर उसका क्षेत्र दूर क्यों न हो। अब अभिभावक कैसे दूर अपने बच्चों को लेकर जाएंगे, ये अभिभावक अधिकांश गरीब तबके से जुड़े हैं। **-नरेश गंगवार**, शिक्षक नेता


विलय और समायोजन एक साथ होना परेशान करने वाला है। विलय से सबसे अधिक छोटे बच्चे परेशान होंगे। समायोजन की प्रक्रिया में भी कई कमी हैं, स्कूलों में 150 अधिक बच्चे होने पर भी हेडमास्टरों को भी समायोजन में शामिल किया गया है। **-जितेंद्र गंगवार**, शिक्षक नेता

### स्कूलों को बंद करने का विरोध करेगी आप: सुनीता



**बरेली, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी (आप) की रोहिलखंड प्रांत उपाध्यक्ष एवं पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया है। शनिवार को सुरेश शर्मा नगर चौराहे के पास स्थित कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में सुनीता गंगवार ने हजारों सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय पर भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि बीजेपी सरकार का शिक्षा के अधिकार से गरीबों को वंचित करने का षड्यंत्र है। इसके विरोध में पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी सड़क पर आंदोलन करने के लिए उतरेगी। योगी सरकार विद्यालयों को बंद कर मधुशालाएं खोल रही है।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly



### अमीर उल हुसैन बने युवजन सभा के शहर विधानसभा अध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार:** युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष दीपक यादव ने परतापुर चौधरी निवासी अमीर उल हुसैन को शहर विधानसभा अध्यक्ष बनाया है। दीपक यादव ने अमीर उल हुसैन को पार्टी कार्यालय पर सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी के हाथों नियुक्ति पत्र दिलाया। इसके बाद नेताओं ने अमीर उल हुसैन का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर महासचिव पंडित दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, छात्र सभा महानगर अध्यक्ष विक्रांत पाल, कैंट विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रोहित राजपूत, हरिओम प्रजापति, ऋषि यादव, गौरव प्रजापति, अकदस अली, विवेक त्यागी, रेहान, सुमित यादव, राजेश यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नवंबर में शहर से होकर गुजरेगा गुरु तेग बहादुर को समर्पित भव्य नगर कीर्तन



गुरुद्वारा मॉडल टाउन में नगर कीर्तन के संबंध में बैठक करते एसजीपीसी के सदस्य।

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन गुरुद्वारा में गुरुद्वारा कमेटी की ओर से शनिवार को बैठक में नवंबर में होने वाले श्री गुरु तेगबहादुर साहिब, सती दास, मती दास, दियाला की 350 वीं वर्षीय शहीदी शताब्दी पर नगर कीर्तन की जानकारी दी गई।

यह नगर कीर्तन असम गुरुद्वारा श्री गुरु तेगबहादुर साहिब धूबड़ी साहिब से नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर साहिब के नेतृत्व में श्री आनंदपुर साहिब पंजाब तक निकाली जाएगी। जो प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर होते हुई उन्नाव और लखनऊ तक आएगी। इसके बाद सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, खटीमा होते हुए श्री नानकमत्ता साहिब ठहराव के बाद बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गढ़मुक्तेश्वर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, होते हुए आगरा जाएगी। जिसका समापन तख्त श्री केश गढ़ साहिब आनंदपुर साहिब में 21 नवंबर को होगा। बैठक की अध्यक्षता अभ्यासी मेंबर धर्म प्रचार कमेटी एसजीपीसी श्री अमृतसर साहिब के सरदार अजायब सिंह ने की। इस दौरान नगर कीर्तन के स्वागत, रूट, ट्रैफिक और अन्य प्रबंध करने के लिए विचार किया गया। बैठक में सरदार सेंट्रल कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह ओबराय, मालिक सिंह, एमए प्रभारी सिख मिशन काशीपुर उत्तराखंड सुखविंदर सिंह, उत्तर प्रदेश सिख मिशन हापुड़ प्रभारी बृजपाल सिंह, ऑपरेटर एसजीपीसी संदीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह पट्टी, एमपी सिंह, हरनाम सिंह, गुरदीप सिंह, हरविंदर सिंह बिंद्रा आदि उपस्थित रहे।

### भगवान को प्राप्त करने का प्रमुख मार्ग है भक्ति



बिहारी जी मंदिर में श्रीकृष्ण के जन्म लेने के दौरान खुशी मनाते भक्त।

**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर खत्रियान के श्री बिहारी जी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथाव्यास व्योम त्रिपाठी महाराज ने भगवान श्री हरि विष्णु के अवतारों का वर्णन किया। वामन अवतार से लेकर श्रीराम अवतार की कथा के बाद श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। इसके बाद नन्दोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में जय हो श्री राधा माधव, जय हो कुंज बिहारी की भजन गाकर कथा शुरू की।

उन्होंने कहा कि भगवान को प्राप्त करने का प्रमुख मार्ग भक्ति है। अजामिल की कथा में बताया कि उसने संतों के कहने पर अपने 10 वें बेटे का नाम नारायण रखा और उम्र भर उसका नाम जपता रहा। जब उसका अंतिम समय आया और यमराज के दूत उसे लेने आए तो भगवान के पार्षदों ने उसकी रक्षा की। भगवान का नाम कैसे भी, किसी भी अवस्था में लिया जाए, भगवान अवश्य सुनते हैं, जिन बातों पर चलने का वेदों में वर्णन किया गया है वही धर्म है। अतुल कपूर, सोनिया कपूर, ओम कपूर, अंश कपूर, अनूप मेहरोत्रा, अंशु मेहरोत्रा, अरुण कुमार मेहरोत्रा, मधु मेहरोत्रा, अमित कपूर, मीनू कपूर आदि उपस्थित रहे।

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A | B.Sc | B.Com | B.Sc (Home Science) | B.B.A | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc | M.Sc (Home Science) | M.A. (Home Science) | M.A. (Drawing And Painting)
D.PHARMA (BTE Code 2143) | B.ED | B.T.C. (D.El.Ed.) | B.EL.ED
डी.एस.आर.कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No 2132019 ( NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा.हरीशंकर गंगवार, Mob No.9412287777

# डॉली ने पेंटिंग में मलेशिया में रचा इतिहास, जीता ऑस्कर अवार्ड



विधायक संजीव अग्रवाल के साथ ऑस्कर अवार्ड जीतने वाली डॉली वाल्मीकि।

- विधायक संजीव अग्रवाल ने डॉली को श्रीराम दरबार देकर आशीर्वाद दिया

**बरेली, अमृत विचार:** शहर की चंद्रमणि नगर निवासी डॉली सिंह वाल्मीकि ने पेंटिंग में ऑस्कर अवार्ड जीत कर बरेली का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। अवार्ड जीतकर बरेली लौटने पर शनिवार को कैंट विधायक एवं भाजपा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय में डॉली सिंह को पटका पहनाने के साथ श्रीराम दरबार देकर आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि होनहार बालिका डॉली सिंह ने पेंटिंग में ऑस्कर अवार्ड जीतकर बरेली के उन होनहार युवाओं के लिए संदेश दिया है कि पेंटिंग में भी कामयाबी की इमारत खड़ी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मोदी, योगी सरकार में देश के बेटे और बेटियां भी अपनी प्रतिभा के माध्यम से विश्व में भारत का नाम रोशन कर रही हैं। डॉली सिंह पुत्री मोहन सिंह निवासी चंद्रमणि नगर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाल्मीकि समाज का भी नाम रोशन किया है। डॉली के द्वारा बनाई गई विभिन्न पेंटिंग्स मलेशिया की एनएमएम आर्ट्स एंड लुईजा आर्ट गैलरी में हुई अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में चयनित की गईं। इस प्रदर्शनी में डॉली की पेंटिंग्स ने सन 2025 की लुईजा आर्ट गैलरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। डॉली सिंह को ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया। उसे आर्ट गैलरी की ओर से सर्वश्रेष्ठ चित्रकर्ता का प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। इसके अलावा डॉली की आर्ट की अन्य देशों में भी सराहना की गई। यूरोप में भी आर्ट गैलरी की ओर अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के साथ भाजपा महानगर मंत्री अमरीश कठेरिया एवं सौरव कठेरिया उपस्थित रहे।

### एमजेपीआरयू के 219 कर्मचारियों का तबादला

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलसचिव ने एक साथ 219 कर्मचारियों का तबादला किया है। इनमें कई की पोस्टिंग बरकरार रखी गई है तो कई को दूसरी जगह भेज दिया गया है। एक साथ इतनी संख्या में ट्रांसफर से कर्मचारियों में हलचल मच गई है। कुलपति प्रो. केपी सिंह के निर्देश पर ये तबादले विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध और प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के दृष्टिगत किए गए हैं। कुलसचिव के जारी आदेश में कहा गया है कि नवीन स्थल पर तैनात होने वाले कर्मचारी तत्काल प्रभाव से रिलीव करने के साथ ही नवीन तैनाती वाले विभाग में कार्यभार ग्रहण कर रिपोर्टिंग अधिकारी के माध्यम से कार्यभार संभालने का प्रमाण पत्र देंगे।

APPOINTMENT नियुक्ति
VARUN ARJUN UNIVERSITY
FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Department of Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com
Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

